इलाज(१) अनमोल बूटीकी मुंह बन्द कली ३छटांक शामको मँगा कर रातभर रख छोड़ें सुबह को हावन दस्ते में खूब कूटें कि मिस्ल लुगदी केहो जावे इसमें मिर्च स्याह आध पाव और नमक स्याह एक छटांक खूब बारीक पीस कर मिलावें और फिर दुबारा खूब कूटें कि सब मिल कर मिस्ल मोम के हो जावे, ब मि-क़दार हाई २ रत्ती के गोलियाँ बना रक्खें, ब वक़्त ज़रूरत जवान मरीज़ को दो गोलियां वरना हस्ब उम्र दें और ऊपर से अर्क़ ज़ैलमिस्फ़ छटांक एक डली बर्फ़ के साथ पिलावें और जहां बर्फ़ मुयस्सर न हो। सर्द पानी उसके बजाय लें और जब २ मरीज़ पानी तलब करे वही पानी दिया करें और अर्क़ देना बन्द न करें ब-राबर बर्फ़ मिला मिला कर देते रहें यह याद रहे कि गोली सिर्फ़ अव्वल ही दी जाती है फिर नहीं अगर क़े के साथ निकल जावे तो दोबारा भी दें । क़ै बन्द होने पर अर्क़ देना भी बन्द करदें ॥

नुसख़ा अर्क़-मिर्च स्याह ८ माशे इलायची कलां १ तोला ज़ीरा स्याह व तेजपात व लोंग हर एक चार माशे पानी एक सेर में डाल कर एक घंटे तक जोश देकर छानलें ॥

(२) अनमोल बूटी की जड़ की छाल व मिर्च स्याह हमवज़न लेकर अद-रक के पानी में बख़ूबी पीसकर चने की बराबर गोलियां बना रक्खें और मरीज़ को एक २ गोली तीसर घंटेके वक़्फ़े से दें तीन चार बार के खिलाने से बिलकुल सेहत होगी निहायत क़बीउल असर है ॥

(३) अनमोलबूटी की मुंहबन्द कली ६ तोले, मिर्च स्याह ३ तोले, नमक लाहोरी ३ तोले, लोंग गुलदार ९ माशे नौसादर ‡ तसईदह ९ माशे

‡ तसईद- किसी तर या खुश्क दवा का जौहर उड़ाना ॥

तर्कीब नौसादर तसईदा-मिट्टी के

चूना आब-ना-रसीदा (बिनुभा) ३ माशे, अफ़यून डेढ़ माशे, इन को

ज़मीमा नोट दफ़ा २५

दो यकसां प्याले बराबर मुंह के ले कर इनके किनारों को किसी पत्थर पर ऐसा रगड़ो कि हमवार होकर दोनों बाहम पैवस्त हो सकें, बाद्‌ह नौसादर को पीस कर एक प्याले में डाल दो और दूसरे प्याले को ऊपर जमा कर मुलतानी मिट्टी से लेस कर गिले हिकमत करदो कि अंदर हवा न जासके फिर नीचे वाले प्याले को कोयलों की तेज़ आग पर रक्खो और ऊपर वाले प्याले के पैंदे पर जो बाक़ाइद जानिब है पानी से भीगा हुआ कपड़ा रखो और जब जब यह कपड़ा गर्म हो जाय फिर ठंडे पानी से तर करदो इस तरह क़रीबन पाव या आध घंटे में जौहर उड़कर ऊपर के प्याले में आ लगेगा, ठंडा होने पर ऊपर के प्याले से उसे उतार लो, यही जौहर है ॥

नोट-(१)इसी तरकीबसे दीगर उप धातु गंधक, पारा; हरताल, शिंगरफ़ संखया, मुरदारसंग, रसकपूर और दाल चिकना के भी जौहर उड़ाये जा सकते हैं ।

नोट-(२) जौहर ज्यादह उमदा और साफ़ लेने के लिये तरकीब मज़कूराको मुकर्रर भी अक्सर किया करते हैं यानी एक बार जौहर उड़ा कर फिर उसी तरकीब से उसका जौहर उड़ाते हैं और शिंगरफ़ को लुआब घीग्वार और अर्क़ केले के साथ खरल करके हरताल को बर्ग अनार तुर्श के पानी से खरल करके पारे को तेज़ाब नमक में या अर्क़ अंगूर तुर्श और रतन जोत में खरल करके गंधक को नौसादर और बुरादा आहन से मिलाकर संख्या को प्याज़ या अर्क़ हुरतल में खरल कर के इनका जौहर निकालते हैं तो यह उम्दा होता है ॥

अदरक के पानी में बारीक पीसकर खुश्क करें और फिर काग़ज़ी लीमूं के अर्क़ में खरल करके चनेकी बराबर गोलियां बनालें, दस ग्यारह बरस के लड़के को एक गोली और जवान आदमी‡ को दो या तीन गोलियां दें ॥ प्यास की शिद्दत हो तो गोली खाने के बाद पानी में गुलाब मिला कर पिलाएं, अगर ज़िन्दगी है तो ज़रूर सेहत हो जायगी और जिस क़दर रद्दी अलामात इस मर्ज़ में पैदा होती हैं वह सब रफ़ै हो जायंगी ॥

(४) फ़ालिज व लक़वा के नुस्ख़े नं० १ की गोलियों में से दो दो गोलियां चन्द बार दें ॥

‡ (५) वेख़ अनमोल बूटी (आक

---

‡यह दोनों नुस्ख़े, गिरानी शिकम व हज़्म तुआम के लिये भी अज़बस मुफ़ीद हैं ॥

की जड़) सौंफ़, हल्दी, चूना, मिर्च सुर्ख़ हमवज़न लेकर पीस कर बेर सहराई (जंगली) की बराबर गोलियां बना कर एक गोली खिलाऐं फ़ौरन आराम हो ॥

(६) गुल अन्मोल बूटी (आक) तर ८ जुज़, नमक लाहोरी व नमक स्याह व मिर्च स्याह हर एक दो जुज़, अदरक (या सोंठ) १ जुज़, बाहम पीस कर बिला आमेज़िश आब (बिना पानी मिलाऐ) बक़दर कुनार दरख़्ती (जंगली बेर) गोलियां बनाऐं और मरीज़ को दो २ घंटे के वक़्फ़े से हस्ब ज़रूरत तीन चार बार एक २ गोली दें, बफ़ज़लहू (परमात्मा की कृपा से) सेहत होगी ।

(७) पोस्तबेख़ अनमोल बूटी ६ माशे को पाव सेर डेढ़ पाव पानी में जोश देकर छान कर पिलाऐं ॥

(८) बेख़ कटाई ख़ुर्द चार अंगुश्त तवील, बेख़ अन्मोलबूटी की तूल व अर्ज़ में बक़दर अंगुश्त बिनसर (तीसरी उंगली) हो, गिरह चोब नीब, सींक नीब २१ अदद व मिर्च स्याह २१ अदद, सबको डेढ़ छटांक ताज़ा पानी में पीस कर मिलाऐं, तमाम दिन आब व ग़िज़ा कुछ न दें । अगर मर्ज़ दफ़ै न हो तो दुबारा पिलाऐं॥

नोटः— मिर्च सुर्ख़ का बीज एक अदद मोम में गोली बनाकर खाना अक्सीर का हुक्म रखता है ॥

परहेज--पानी पीना इसके एवज़ अर्क़ गुलाब या अर्क़ पोदीना बर्फ़ से सर्द करके या जंगली कंडों कोराख पानी में घोलकर जब नीचे बैठ जाय तो पानी को निथार कर छानकर पिलाऐं नरकचूर को जोश देकर पिलाना इस मर्ज़ में अकसीर का हुक्म रखता है खरबूज़ा व अमरूद व खीरा वग़ैरा खाना, दूध पीना, मरतूब मुक़ाम पर रहना, जल्द क़ै व दस्त रोकना, मरीज़ को ज़्यादह हरकत देना, घी खाना

वजअ नफ्ख मैदा
(दर्द मैदा व अफारा)

अलामात-तुर्श डकारें, हिचकी और हेजान दर्द का, बाद क़रार पाने तुआम केबाईं जानिब बालाय तिहाल (ऊपर तिल्ली से) शिकम पर हाथ रखने के वक़्त आवाज़ क़राक़र होना ॥

अस्बाब-सक़ील(देर में हज़म होने वाली) ग़िज़ा अमरूद, मसूर, वग़ैरह खाना ज़ौफ़ मेदा होना, फ़िसाद ख़िल्त, बाज़ औक़ात मेदे में कीड़ों का आरिज़ (पैदा) हो जाना ॥

इलाज ‡ (१) पोस्त बेख़ अन्मोल बूटी, मिर्च स्याह, ज़ीरा स्याह, बाब

‡ यह दोनों नुस्ख़े गिरानी शिकम बहज़्मतुआम के लिये भी अजब मुफ़ीद हैं ॥

रंग, पोस्त हलेला ज़र्द, सोंठ बड़ी, पीपल, जवाखार, नमक लाहौरी, मुसावीउलवज़न सफूफ [चूर्ण] करके पाँच माशे खाएं ॥

(२) ज़ीरा गुल अन्मोल बूटी, सौंठ, अजवायन हर एक एक तोला और बड़ी पीपल वरेबन्द चीनी हर एक छः माशे कैरी आम दो तोले नमक लाहौरी नमक स्याह नमक सांभर हर एक चार माशे पीस कर और अर्क़ लीमूं क़ाग़ज़ी में आमेज़ करके (मिला के) बेर की बराबर गोलियां बना रक्खें और बाद तुआम एक गोली खाऐं ॥

परहेज–सक़ील व बासी व रोग़नी ग़िज़ा भंग व मिठाई वग़ैरा ॥

कूलंज(दर्दसूल व बावगोला)

अलामात–यह मर्ज़ ब सबब पड़ जाने सुद्दे के अमआ (आंत) कू हों में आरिज़ होता है और ब नौबत औद करता है इस में रीह और पाख़ाने का ख़ुरूज ब दुश्वारी और दर्द के साथ होता है कभी शिद्दत दर्द से सर्द पसीना आता है इसी की एक हालत का नाम ईलाउस है जिस में कै के साथ पाख़ाना निकलता है और जिस्म से बदबू आती है बाव गोला भी इसी की एक क़िस्म है ॥

अस्बाब–यह मर्ज़ ग़ैरहज़्म ग़िज़ा जमा हो जाने, तेज़ जुल्लाब लेने, क़ब्ज़ बहुत दिनों तक रहने, कसरत जमाअ, कसरत बेदारी, सर्द पानी पीने बहुत ख़ुश्क चीज़ों के खाने, ग़िज़ा पर ग़िज़ा खाने भीगा हुआ अनाज जिस में अंकूरे फूट आये हों खाने बहुत ज़्यादह हंसने हाजत पेशाब व पाख़ाना रोकने मूली दही एक वक्त में खाने शिद्दत प्यास में खाना खाने वग़ैरह से पैदा हो जाता है ॥

इलाज-(१) अन्मोल बूटी की जड़ की छाळ पानी में पीसकर नीम गर्म शिकम पर ज़माद करें ॥

(२) अन्मोल बूटी की जड़ खरळ करके मिक़अद (मुक़ाम पाखाना) में रक्खें और पानी में पीस कर नीम गर्म पेट पर भी लेप करें ॥

(३) नुसख़ेजात बदहज़मी सब इस के लिये मुफ़ीद हैं (देखो सुफ़ा २५ व २६)

नोट– इस मर्ज़ के लिये चिलम में बजाय तम्बाकू के नीम रख कर पिलाना भी अजबुल असर है॥

परहेज-सर्द पानी, सक़ील ग़िज़ा

८- जहीर (पेचिश)

अलामात व शनाख्त-

मरोड़े के साथ थोड़ी थोड़ी देर में

दस्त की हाजत होना, हर बार दस्त का बहुत कम२ मरोड़े के साथ निकलना, दस्तके साथ आँव ख़ून या कच्ची ग़िज़ा का निकलना, पेशाब बंद या कम उतरना, भूक कम, बेचैनी, सुस्ती वग़ैरह ॥

अस्बाब. ज़्यादह रोग़नी व सर्द ग़िज़ा को खाकर फ़ौरन सो जाना मिर्च सुर्ख़ वग़ैरह ज़्यादह गर्म व सक़ील व बादी व तुर्श व ख़ारी व तीखी चीज़ों का ज़्यादह खाना, खाने पीने में ज़्यादह बदपरहेज़ी करना, कसरत जमाअ कसरत इस्तेमाल मेवेजात ख़ाम, असहाल में बदपरहेज़ी ॥

इलाज. अन्मोल बूटी की जड़ ख़ुश्क या तर चार माशे को बारीक पीसकर अफ़यून ४ मा० और गुड़ या राब४ मा०मिलाकर १६ गोलियां बना लें, और जवान आदमी को चार २ घंटे के वक़्फ़े से एक एक गोली दिन भर में तीन या चार खिलाएं दो तीन रोज़ में बिलकुल सेहत होगी अगर पेचिश पुरानी हो तो इलावा गोलियाँ मज़कूर खाने के डेढ़ तोले बेलगिरी को पीस कर ३ तोले गुड़ या शकर के साथ पाव सेर पानी में आध घंटे जोश देकर और छान कर ठंडा करके निस्फ़ २ छटांक करके दिन भर में चार पांच बार नोश करें ॥

परहेज. नहाना, सर्दी खाना, सर्द पानी ज़्यादह पीना, ज़्यादह चावल खाना, मिहनत जमाअ, नया ग़ल्ला रोग़नी ग़िज़ा ॥

७. अमराज आजाय जेर नाफ (नाभि से नीचे के रोग)

१. वजअ कुलया (दर्द गुर्दा)

अलामात गुर्दे पर कमरगाह के गिर्दा गिर्द सख़्त दर्द होता है ॥

अस्बाब. बइफ़रात रियाज़त करना, कसरत जमाअ रियाह ग़लीज़ का गुर्दे के गिर्द मुजतमा (इकट्ठा) होजाना बबाइस ज़्यादा प्यादा या चलने या अक्सर घोड़े पर चढ़ कर ज़्यादह दौड़ाने या ज़्यादह बैठे या खड़े रहने वग़ैरह से ज़ोफ़ गुर्दा हो जाना गुर्दे में क़ुरहा या ‡ पथरी पड़ जाना ॥

इलाज. पोस्त बेख़ अन्मोल बूटी (आक की जड़ का बक्कल) पोस्त

‡ अंगुश्तरी आहनी हाथ में पहनना और अंग्रेज़ी बूट जिस में आहनी कीलें जड़ी हुई हों पांव में पहनना संग गुर्दे के तोड़ने के लिये अज़बस (निहायत) मुफ़ीद है ॥

बसेंदू हरएक दो तोले, पानी बमिक़दार मुनासिबमें पीसकर नीम गर्म करके मुक़ाम दर्दपर क़द्रे घी चुपड़ कर गाढ़ा लेप करें और उपले की आग से सेकें, फ़ौरन सेहत हो ॥

(२) आतशक

अलामात-अव्वल क़ज़ीब (मूत्र अंग) पर फुंसियाँ निकलना, जिल्द (खाल) फटना, दर्द व जलन होना पीप निकलना वग़ैरह, दर्जा दोम में चहरे पर ज़र्दी, सर दर्द, हथेली और सीने पर और नीज़ पांवके तलुवों में और बाज़ औक़ात (कभी २) दीगर (दूसरे) आज़ाय जिस्म (शरीर के अंगों) पर तांबे के रंग के से दाग़ नमूदार होना, जोड़ों में दर्द, सर पर फुंसियाँ,बाल झड़ना वग़ैरह और दर्जे सोम में तमाम जिस्म में ज़ख़्म, सिल, फ़ालिज, इस्तिसक़ा हो जाना, तिहाल व गुर्दा व जिगर पर भी असर पहुंचना, नाक या तालू फूट जाना वग़ैरह अतिब्बाय अंग्रेज़ी इसकी दो क़िस्म बयान करते हैं, एक मुक़ामी जो सिर्फ़ अज़्व तनासुल परहोतीहै, दूसरी जिस्मानी जो बदन के दीगर आज़ा (दूसरे अंगों) पर भी नमूदार होती है

अस्बाब-ज़ने ग़ैर (दूसरेकी स्त्री) या फ़ाहिशा (व्यभचारिणी) या हायज़ा (पुष्पवती) या मरीज़ा (रोगी) से जमाअ (सहवास)करना कसरत जमाअ, क़ज़ीब (लिंग) पर ज़रब (चोट) पहुंचना, खारी या गरम पानी से क़ज़ीब को अक्सर धोना, आतशक के मरीज़ ने जहां पेशाब किया हो वहां पेशाब करना, ऐसे मरीज़ के साथ सोना या खाना पीना, मौरूसी होना वग़ैरह ॥

इलाज- (१) बाद मुसहिल लेनेके अन्मोल बूटीकी जड़ दो हिस्से फिर्च स्याह एक हिस्सा, कूट छान कर और हमवज़न गुड़में मिलाकर ज्वार की बराबर गोलियां बना रक्खें, एक गोली सुबह व एक शाम रोज़ाना खाऐं, ग़िज़ा मूंग की मुलायम खिचड़ी या दाल मूंग, चन्द रोज़ में सेहत होगी ॥

नोट- अगर कभी मुंह आजाय तो कचनाल की छाल पानीमें जोश देकर कुल्ली करें ॥

(२) अन्मोल बूटी की लकड़ी को जलाकर कोयले को बारीक पीसें और हम वज़न शकर सफ़ैद और रोग़न गाय मिलाकर छः माशे रोज़ खाऐं, हफ़्ते अशरे (आठ दस दिन) में सेहत होगी ॥

(३) अन्मोल बूटी की छाल दस माशे, अजवायन खुरासानी ढाई माशे शिंगरफ़ ५ माशे, तूतिया दो रत्ती, अक़रक़रहा ५ माशे, सब को कूट छान कर बेर की लकड़ी की आग पर डाल कर उसका धुआँ ले और नुस्ख़े वाला (उपरोक्त) नं० १यार

भी काम में लायें तो बिहतर है ॥

(४) शिंगरफ़ सात रत्ती, तूतिया सब्ज़ ७ रत्ती, बाबरंग ५ माशे, अन्मोल बूटीकी जड़की छाल १० माशे, और अगर मिज़ाज मुक़व्वी (बलिष्ट) हो बीस माशे, सबको कूट पीसकर छः कुर्स (टिकयें) बनायें और बाद मुसहिल के बग़ैर पानी के हुक़्क़े में या सिर्फ़ चिलम में बेर की लकड़ी की आग से मिस्ल तम्बाकू के पियें, और उसका धुआँ ज़ख़्म पर लें, और उसका गुल कि मिस्ल राख के हो जाय लुआब दहन (मुंह का थूक) में मिला कर तीन चार योम (दिन) तक सुबहको तमाम ज़ख़्मों पर मलें, ग़िज़ा रोटी घी शकर के साथ खायें ॥

मरहम (५) अन्मोल बूटी के पत्ते २१ अदद लेकर और दो छटांक सर्सों के तेल को खूब गर्म करके सात २ पत्ते तीन बार इस तेल में जला कर राख करलें, बादहू मोम दो तोले मिला कर मरहम बनालें और ज़ख़्मों पर लगायें ॥

(६) अन्मोल बूटी की जड़ की राख, बंसलोचन, दाना इलायची सफ़ेद, कत्था गुलाबी, ज़ंगार, हर यक एक २ तोला को अर्क़ गुलाब में नीम के डंडे से तीन रोज़ खरल करके चने की बराबर गोलियां बना लें और एक सुबह व एक शाम हमराह आब (पानी के साथ) खायें, चन्द रोज़ में फ़ायदा होगा ॥

(७) पोस्त बेख़ अन्मोल बूटी साये में सुखा कर अर्क़ चूका में तर करके फिर खुश्क करें और मिर्च स्याह हमवज़न मुसल्लम (बे टूटी) लेकर दोनों को ज़र्फ़ गिली (मिट्टी के बासन) में ‡ गिले हिकमत करके दस सेर जंगली कंडों की आग में जलावें सर्द होने पर निकाल कर बारीक पीसलें और एक माशे से दो माशे तक पान बा-मसालह में सुबह व शाम दोनों वक्त खाते रहें ३ या ७ योम (दिन) में सेहत होगी ॥

परहेज-खटाई, मिर्च सुर्ख़, नमक, ग़िज़ाय ग़लीज़ व बादी, गोश्त, ब्रहनगी (नंगापन) शब बेदारी (रात का जागना) अशयाय क़ाबिज़, अशयाय ज़्यादा गर्म या ज़्यादह सर्द, जमाअ, दूध, दही, व अचार व बेंगन व तेल, ॥

३-औराम मग़ाबिन(बद)

अलामात-यह एक फोड़ा है कि

---

‡ गिले हिकमत किसी दवा पर मिट्टी लगा कर कपड़ा ऊपर से मंढना या कई तह मिट्टी या मुलतानी मिट्टी की चढ़ा देना या किसी गिली बरतन में रख कर और उसका मुंह ढक कर मिट्टी लपेट देना कि आग की तपिश से ज़रर (नुक़सान) न पहुंचे ॥

पेड़ू और रान के दरम्यान में ठीक जोड़ पर बीच में निकलता है, पहिले एक गुठली सी होती है, बाद में ज़्यादा ज़ुहूर पकड़ कर (व्यक्त हो कर) बड़ी तकलीफ़ देती है ॥

अस्बाब- माद्दे सूज़ाक या आतशक ॥

इलाज- (१) अन्मोल बूटी के दूध का फाया लगायें ॥

(२) अन्मोल बूटी के पत्ते पर रेंडी का तेल लगा कर गर्म करके बांधें ॥

‡ ज़ौफ़ बाह (नामर्दी) व खमीदगी आलाए तनासुल (लिंग का खम)

अलामात- आब मनी का कम होना, बाद जमाअ के तकान ज़्यादह होना, लागरी व कमज़ोरी, ज़ौफ़ दमाग़, जल्द अनज़ाल (वीर्य स्खलित) होना क़ज़ीबका बवक्त ज़रूरत इस्तादा न होना, क़ज़ीब का ख़मीदा होना वग़ैरह अलामात (चिन्ह) ज़ौफ़ बाह की हैं ॥

अस्बाब- कसरत जमाअ, अशयाय गर्म का ज़्यादा इस्तैमाल, फ़िक्र व रंज व ख़ौफ़ की ज़्यादती, इश्क़िया क़िस्से कहानी पढ़ना, ख़यालात व तरफ़ ज़नान (स्त्रियां) सोहबत माहरूयां, इग़लाम (गुदा भंजन) जलक़, (हथलस) कमसिनी में मुबाशरत (स्त्री प्रसंग) कसरत अहतलाम, जिरयान व बाइस बदहज़मी या क़ब्ज़ दायमी या व अस्बाब मज़कूरा, मर्द औरत का रोज़ाना यकजा सोना, ज़्यादा पान खाना वग़ैरह ॥

इलाज- (१) अन्मोल बूटी के दो तोले फूलों में धतूरे के फूल व मूसली स्याह व इसबद, हर एक दो तोले पीस कर और घी में चरब करके ६ तोले शकर सफ़ेद में क़िवाम करलें और चार माशे रोज़ खा कर ऊपर से दूध पी लिया करें कुव्वत बाह के लिये बे नज़ीर है ॥

(२) [illegible] के दूध को [illegible] में शामिल बारह [illegible] करके [illegible] ज़ीब पर (सर क़ज़ीब छोड़ कर) एक एक रत्ती तिला करें, अगर इत्तफ़ाक़न [illegible] नमूदार हों जैसा कि बाज़ औक़ात (कभी २) हो जाता है

‡ तक़वियत बाह व दफ़ै मरज़ जिरयान के लिये दीगर निहायत मुफ़ीद व मजर्रब नुसख़ेजात मय अक़साम व शनाख़्त व परहेज़ वग़ैरह रिसाला जिरयान मुसन्निफ़े मुसन्निफ़ किताब हाज़ा में मुलाहज़ा हों ॥

तो मक्खन ताज़ा लगायें, दफ़ै नुक़सान जलक़ जदगी व तक़वियत बाह को अजीबुल असर है ॥

(३) एक पारचे को अन्मोल बूटी के दूध में एक दिन तर रख कर साये में खुश्क करलें फिर उस में घी लगा कर दो बत्तियां बना कर घी में जलायें और उसके नीचे एक कांसे की थाली रक्खें, जो रोग़न फ़तीले से थाली में टपके ज़कर पर उसका सर छोड़ कर तिला करें और ऊपर से पान बंगला या अरंड के पत्ते बाँधें और बाद एक पहर के खोल डालें, अगर आबला पड़ जाय तो रोग़न गाव इक्कीस बार के धुले हुये को लगायें, और तीन रोज़ तक इसी तरह अमल करें जलक़ जदगी के ज़ोफ़ बाह को बहुत मुफ़ीद है ॥

(४) ज़ीकुल नफ़्स के नुस्खे नं० १६ को इस्तैमाल करें ॥

(५) बेख़ अन्मोल बूटी, बेख़ कनेर, बेख़ धतूरा, पोस्त बेख़ बंग हमवज़न साये में खुश्क करके कूट कर बर्ग धतूरे के अर्क़ में जंगली बेर की बराबर गोलियां बनायें, जमाअ से क़ब्ल एक गोली अपने पेशाब में पीस कर क़ज़ीब पर (सर क़ज़ीब छोड़ कर) लगायें और बाद खुश्क होने के जमाअ करें ॥

(६) अन्मोल बूटी (आक) का दूध चार तोले, मसका गाव १० तो० बछनाग स्याह व अक़रक़रहा गुजराती व सींदूर हरएक एक तोला लेकर सोम (तीसरे) व चहारुम को बारीक कूट छानकर और सींदूर मिलाकर कड़ाही में करें और दूध मज़कूर व मसका डाल कर क़लम के दस्ते से कि फ़लूस (पैसा) उस में नसब[जड़ा]हो ४ योम हल करें फिर यक माशे क़ज़ीब (लिंग) पर मल कर पान बांधें, सुबह को पानी से धोवें ॥

(७) शीर अन्मोल बूटी व थूहड़ व तिधारा व बड़, हरएक तीन माशे तुख़्म धतूरा बारीक क़ोफ़ता (कुटा हुआ)बेख़्ता(छाना हुआ)६मा० रोग़न गाव यक तोला, अव्वल रोग़न को पिघलायें, जब जोश आ जावे चारों दूध डालें और हल करें और फ़ौरन नीचे उतार कर तुख़्म धतूरा दाख़िल करें और खूब हल करें और ज़र्फ़ में रक्खें, ब वक्त शब (रात) बक़दर नख़ूद (चनेकी बराबर) पान पर मल कर बांधें, सुबह को खोलें ॥

(८) अन्मोल बूटी (आक) का दूध व शहद ख़ालिस हर यक दो छटांक कढ़ाई आहनी (लोहे की) में डाल कर आहनी दस्तेसे इसक़दर हल करें कि उसकी लुज़ूजत (चिपकाव) से कढ़ाई दस्ते के साथ ज़मीन से उठ आवे; बादहू अफ़यून ख़ालिस चार माशे बख़ूबी मिलायें और चीनी के बरतन में रख छोड़ें ब वक्त ज़रूरत क़ज़ीब को रोग़न गाव से चरब करके और दवा मज़कूर (उपरोक्त) को पट्टी पर लेप

करके बांधें, बाद एक पहर दूर कर के रोग़न गाव मेश (भैंसका घी) इक्कीस बार का धुला हुआ मलें यही अमल तीन योम करें ज़ख़्मकी जड़से पानी जाकर सेहत हो जायगी

(९) पारचा अम्बा हल्दीमें मुकर्रर तरब रके सायेमें सुखायें, फिर आबबर्ग धतूरेमें तीन बार, फिर शीर अन्मोल बूटी (आक) में तीन बार तर करके हर बार सायेमें सुखायें, बाद्-हू रोग़न शीर मेशमें आतिश (आग) नर्म पर बिरयां करें, बवक्त ज़रूरत इस पट्टी पर शहद मल कर हीरा हींग एक रत्ती बारीक कर के छि-ड़कें और तीन योम बांधें ॥

(१०) शीर अन्मोल बूटी (आक) दस माशे रोग़न गाव छः तोले, शहद ख़ालिस सात माशे, जंगली कबूतर की बीट व ख़ानगी कबूतर की बीट व पारा व अक़रक़रहा हर एक साढ़े तीन माशे, सबको क ई आहनी में बारह पहर खरल करें, बवक्त शब क़दरे मल कर पान बांधें सात योम तक अमल में लायें ॥

(११) लौंग, पोस्त बेख़ कनेर सफ़ेद जंगली, मग़ घूंघची सफ़ेद, कुचला, ज़हर मीठा तेलिया, जायफल, दारचीनी, अफ़यून ख़ालिस हर एक छः माशे शीर अन्मोळ बूटी तीन तोले, रोग़न गाव एक तोले खरल आठ पहर करें बवक्त हाजत कपड़े पर लगा कर हश्फ़े (लिंग का सिर) को छोड़ कर क़ज़ीब (लिंग) पर बांधें सुबह को खोलें एक हफ़्ते तक अमलमें लायें अगर फुंसियां पैदा हों तो मरहम ज़ैल (नीचे लिखा) इस्तैमाल करें, यह नुस्ख़ा मजलूक़ [हथलस का रोगी] मायूसुल इलाज [निरास] के लिये भी अकसीर का हुक्म रखता है ॥

मरहम-यक तोला रोग़न गाव, एक सौ एक बार धोकर कत्था सफ़ेद व सफ़ैदा काशग़री, व शंजरफ़ रूमी, हर एक एक माशे, सुपारी सोख़ता १ अदद, बारीक पीस कर मिलायें ॥

(१२) मुमस्सिक-गुल अन्मोल बूटी, गुल धतूरा, मूसली स्याह, इस्बदं, हर एक बीस माशे पीस कर रोग़न ज़र्द ५ तोले में चरब करके बक़दर ४ माशे क़ब्ल जमाअ [स्त्री प्रसंग से पहिले] खाकर दूध पियें ॥

परहेज.खटाई, मिर्च सुर्ख़ वग़ैरह अशयाय [चीज़ें] गर्म खाना, जमाअ करना व दीगर अस्बाब मरज़ [रोग के दूसरे कारण] वग़ैरह ॥

मुज़िरात बाह-राम तुलसी, कासनी, काहू, धनिया, लहसन ख़ाम, चौलाईका साग, चूका, काफ़ूर, इमली, आलूबुख़ारा, लीमूं, नमक, ठंडा पानी ॥

५. बवासीर

अलामात. मिक़अद [गुदा] पर मस्से, पायख़ाने के वक्त सोज़िश

[जलन] आंव निकलना, चहरा फीका ज़र्द हो जाना, कमज़ोरी, क़ब्ज़, बवासीर खूनी में मस्सों से खून निकलता है और बादी या रीही में पेट में क़राक़र, क़ब्ज़ दर्दसर ज़ौफ़ बदन, पेचिश, और कभी इस हाल [दस्त] खूनी हो जाते हैं। जो बवासीर कि तवल्लुद [पैदायश] के वक्त से ही हो या मिक़अद [गुदा] के अन्दर तीसरे बन्द में हो या सौदा व सफ़रा व बलग़म [वात पित्त, कफ़] तीनों अख़्लात के फ़िसाद [त्रिदोश] से हो या मरीज़ के दस्तोपा [हाथ व पांव], मिक़अद, नाफ़ [नाभि] चेहरा वग़ैरह पर वरम आ गया हो या क़ै, आज़ा शिकनी [अंगफूटन], बुख़ार, प्यास मिक़अद का पकना, दर्द की शिद्दत, दस्त, इख़राज खून [रुधिर निकलना] की बहुत कसरत [अधिकता] हो तो इन सूरतों में मरज़ क़रीबन ला इलाज [असाध्य] है ॥

अस्बाब-तुर्श, कसीली, तल्ख़, खुश्क, ठंडी, चर्परी ग़िज़ा ज़्यादा खाना, बे वक़्त खाना, दिन में सोना मै नोशी की कसरत [मद्यपान की अधिकता], कसरत जमाअ (स्त्री प्रसंग की अधिकता], सर्द हवा या धूपमें घूमना, क़ब्ज़ दायमी, ज़्यादा लिखना पढ़ना, या बहुत पड़ा रहना, इग़लाम [गुदा भंजन] कराना वग़ैरह इसके अस्बाब [कारण] हैं

इलाज.[१] अन्मोल बूटी के ताज़ा पत्ते से बजाय कुलूख़ [मिट्टी का डेला] के मिक़अद साफ़ किया करें और सांप की केंचली आग पर रख कर मिक़अद को चन्द रोज़ धुआं दें, दोनों क़िस्म की बवासीर को मुफ़ीद है ॥

(२) अन्मोल बूटी का दूध मस्से पर लगाऐं, इससे तकलीफ़ शदीद (अधिक) तो होगी मगर मस्सेको जिस पर लगाया जायगा काट कर दफ़े (दूर) और खुश्क कर देगा ॥

(३) रसौत आध पाव, बर्ग नीब (नीम के पत्ते) आध सेर, इन दोनोंको अलहदा अलहदा (अलग२) किसी बर्तन में बवक्त शब (रात के समय) भिगो रक्खें, बवक्त सुबह हर दो अश्याय (चीज़ें) मिलाकर अलग २ छानें, बादहू दोनों को मिला कर अन्मोल बूटी की लकड़ी की आग जला कर उस पर पकायें, जब क़िवाम गोली बंधने क़ाबिल हो जाय तो उसमें इलायची खुर्द (छोटी) ६माशे कोफ़्ता करके (कूट कर) मिलाऐं और बक़द्र कनार दश्ती (जंगली बेर के बराबर) गोलियां बनालें, सुबह व शाम हर दो वक्त एक एक गोली हमराह मक्खन ताज़ा खाऐं, परहेज़ अश्याय तुर्श व गर्म से रक्खें ॥

नोट- चूतड़ की हड्डी पर सींगी लगवाना बिहतरीं (सबसे अच्छा) इलाज है ॥

परहेज. गोश्त, दूध, दही, गर्म मसालह, खटाई; मिर्च सुर्ख, तेल, गुड़, बाजरा, बैंगन, अचार, राई, लहसन, शराब, शीरीनी, घोड़े की सवारी, बवासीर का खून, खुसूसन (मुख्यतया) अगर स्याह रंग का हो इक दम बन्द करना (अगर ऐसा किया जायगा तो अमराज़ (रोग) मिर्गी, सिल, जुज़ाम (कोढ़) ख़फ़क़ान, सुदाअ (दर्द सर) दर्द गुर्दा व पसली वग़ैरह हो जाने का बड़ा अन्देशा है) ज़्यादा पानी पीना ॥

६- इर्क मुर्दनी (नहरवा या नारू)

अलामात- यह एक क़िस्म का दाना होता है कि अक्सर टांग की पिंडली में निकलता है, बादअज़ां और फूल कर बशक्ल आबला हो जाता है जिसमें सूराख होकर एक बारीक रग बशक्ल धागे के सुर्ख मायल बस्याही बाहरको निकलती है जिसके टूट जाने से ख़ौफ हलाकत (मौत का डर) है ॥

अस्बाब. तालाब वग़ैरा का पानी पीना जहां बारिश का पानी मुख़्तलिफ़ मुक़ामात से बहकर जमा होजाता है

नोट—बाज़ की राय में नारवा एक क़िस्म का कीड़ा होता है कि तालाबों या नालियों में पाया जाता है, जब उनके पानी में हाथ पांव धोए जाते हैं तो यह कीड़ा मुसामों की राह से जिल्द (खाल) में पेवस्त हो जाता है (समा जाता है) जिस से एक दुम्मल नुमायाँ होता है यह कीड़ा तूल (लम्बाई) में निस्फ़ (आधा) फुट से बीस फ़ीट तक होता है ॥ और अगर इस कीड़े को पानी में पी जावें तो इस से यह मरज़ नहीं होता क्योंकि कीड़ा मेदे में पहुंच कर मर जाता है ॥

इलाज. (१) नारवा और उसके आस पासके वरम को सर्सोंके तेलसे चरब करके अन्मोल बूटी के पत्ते से सेंक करें फिर उन्हीं नीम गर्म पत्तों को वरम पर बांधें ॥

(२) अन्मोल बूटी के एक सब्ज़ पत्ते पर सर्सों का तेल चुपड़ कर और आग पर सेंक कर नीम गर्म बांधें ॥

परहेज. तालाब वग़ैरा का पानी पीना और उन में हाथ मुंह धोना या न्हाना या खुश्क ग़िज़ा खाना ॥

८- अमराज जिल्दया
(त्वचा रोग)

१- जुज़ाम (कोढ़)

अलामात. अव्वल अव्वल किसी किसी मुक़ामपर जिल्द(त्वचा,खाल) की रंगत बदल कर गाढ़ी सुर्ख़ या ऊदी हो जाना, उन मुक़ामात पर चिकनापन चमकना और उनका बेहिस(सुन्न)होजाना,दर्द होना बादहू (पश्चात) ऊदी रंगत सुर्ख़ी कर जिल्द का रंग भूरा पड़ जाना, चमड़ा नर्म या दबीज़ होजाना, ज़रा सी रगड़ से खालमें ज़ख़्म पड़ जाना चहरे पर उभार, ख़ास कर नाक व कान पर और टांगों पर भी उभार बादहू उभारोंमें भी सोज़िश (जलन) ख़ारिश,ज़ख़्म, बदबूदार पीप निकलना, हाथ पांव की उंगलियों का गल गल कर गिरना और फिर आज़ाय अंदरूनी (अंग भीतरी) शुश (फेफड़ा) वग़ैरह में सरायत कर जाना वग़ैरह, और एक सूरत यहभी है कि मुक़ाम मरज़ पर छाले पैदा होजाते हैंछाले सुर्ख़ीकर उसजगह पर हलके रंगके दाग़ रह जाते हैं,यह छाले अक्सर (बहुधा)अव्वल अव्वल पांव, हाथ, टांग और बाज़ुओं पर पैदा होते हैं और मरज़ की ज़्यादती (अधिकता) पर चहरे और सीने पर ख़फ़ीफ़ (हलके २) नमूदार होते हैं । यह सब मुक़ामात [स्थान] बे हिस [सुन्न] और बाज़ दफ़अ किसी क़दर ऊंचे हो जाते हैं, वग़ैरा ॥

अस्बाब. जुज़ामी [कोढ़ी] के पास रहना,आतिशक होना कसरत जमाअ [अधिक स्त्री प्रसंग], पानी में ज़्यादह रहना, गर्मी में ज़्यादा रहना, दिन में बहुत सोना, कसरत गुस्सा व रंज व फ़िक्र, हाजत बोल, बिराज़ [मूत्र, मल] को अकसर रोकना, खटाई मिर्च सुर्ख़ ज़्यादा खाना, गर्म गर्म दूध बकसरत पीना, मौरूसी (माता पिता या दादा आदि से प्राप्त] होना वग़ैरा

इलाज. सफ़ूफ़ पोस्त बेख़ अन्मोल बूटी [आक की जड़ के बक्कलका चूर्ण], सफ़ूफ़ मिर्च स्याह, रुब्ब चिरायता १२ ग्रेन [1/… मा०-६। रत्ती] और सैनिक [संखिया सफ़ेद] एक ग्रेन [1/15 माशे यानी क़रीबन निस्फ़ रत्ती, अर्द्ध रत्ती] सब को आमेज़ करके बारह गोलियां बनाऐं और एक गोली सुबह और एक शाम बाद खाना खाने के खिलाऐं ग़िज़ा मुक़व्वी [बल कारक] और घी ज़्यादा खिलाऐं । जिस्म [शरीर] पाक [पवित्र] रक्खें । और मरहम ज़ैल [निम्न] लगाते रहें । जल्द सेहत कुल्ली होगी ॥

नुस्ख़ा मरहम—तूतियासुफ़ेद मुर्दारसंग ज़र्द, हर एक दो माशे, इनको बारीक पीस कर मक्खन गाव एक छटांक में मिलाकर रख छोड़ें ॥

नोट— यह मरहम बिसहरी और आतिशक के लिये भी मुफ़ीद है॥

परहेज-खटाई, नमक, दूध, दही, गुड़, तिल, उड़द, गोश्त, चरपरी व तेज़ चीज़ें खाना, दिन में सोना, जमाअ (स्त्री प्रसंग) करना, ज़्यादा चलना फिरना वग़ैरा।

२-बरस व बहक अब्यज
(सुफ़ेद दाग़ व छीप)

अलामात- जो सुफ़ेद २ दाग़ जिल्द्में ज़ाहिर होते हैं और गोश्त व जिल्द के अन्दर भी घुसे होते हैं उन्हें " बरस " और जो रक़ीक़ मुदव्वर (पतले, गोल) हैं उन्हें " बहक़ अब्यज़ " कहते हैं, मगर 'बहक़' का अगर जल्द इलाज किया जाय तो ब-आसानी जल्द सिहत हो जाती है, मगर 'बरस' से सिहत पाना किसी क़दर मुश्किल है

अस्बाब-फ़िसाद माद्दए बलग़मी (कफ़ दोष)।

इलाज- (१) अनमोल बूटी के आठ पत्ते सब्ज़, कलोंजी सवा दो तोले, बावची नौ माशे, तुख़्म धतूरा ४॥ माशे, सबको पीसकर तिला करें।

(२) फ़ालिज व लक़वे के नुस्खे नं० १ की गोलियाँ में से एक गोली सुबह व एक शाम, रोज़ाना खाऐं।

(३) बेख़ अनमोल बूटी चार रत्ती संखिया सुफ़ेद चौथाई रत्ती, बाहम पीस कर चार ख़ूराक करें और सुबह व शाम तीन माह तक खाऐं और सिर्के में मिलाकर लगाया करें ग़िज़ा मुक़व्वी व घी ज़्यादह खाऐं

परहेज. अशयाय सर्द व तुर्श व बादी व नमक वग़ैरा।

३- जरब व हिक्का
(ख़ारिश तर व ख़ुश्क)

अलामात- यह एक क़िस्म की छूतदार बीमारी है जिस में जिस्म के अन्दर एक क़िस्मका कीड़ा होता है जो जिल्द के अन्दर पहुंच कर ख़ारिश पैदा करता है हाथों की उंगलियों की घाई में व बदन के हसस-ज़ेरीं (शरीर के अधोअंग) में और बाज़औक़ात बाळाई हिस्सों में छोटी २ फुंसियां पास २ निकल आने को ख़ारिश तर या " जरब " कहते हैं। इन बुसूरमें ख़ारिश शदीद होती और पीब निकलती है बाज़ औक़ात पीब नहीं भी निकलती। अगर बिला बुसूर (फुंसियाँ) के सिर्फ़ ख़ारिश ही ख़ारिश होती है तो इसे ख़ारिश ख़ुश्क या "हिक्का" कहते हैं।

अस्बाब-अशयाय गर्म व खारी व ज़्यादा शीरीं खाना, साम्हर नमक का ज़्यादा खाना, फ़िसाद या ज़्यादती बलग़म शोर व सौदा सोख़्ता, जिस्म को मैला रखना।

इलाज- (१) अनमोल बूटी के हरे पत्ते इक्कीस अदद लेकर और सर्सों के तेल पाव सेर को ख़ूब जोश देकर एक २ पत्ता उसमें डालें जब सब जलकर राख हो जायँ आग से उतार कर क़दरे (अनुमान ३ माशे) नील पीस कर मिलायें और शीशी में भर रक्खें बवक्त ज़रूरत (आ-वश्यकता के समय) मुक़ामात ख़ा-रिश पर मलें। दो तीन योम(दिन) में सिहत होगी।

(२) अनमोल बूटी के दूध में गन्धक दो योम खरल करके कुर्स बनाकर साये में सुखालें फिर एक बर्तन में डालकर पानी भर कर चार पहर नर्म आग पर जोश दें जिस क़द्र तेल पानी पर आये उसको ब-अहतयात (सावधानी से) उतार लें और लगायें।

(३) ज़र्द रंगकी अनमोल बूटी के दूध में गन्धक को पका कर दो दिन तक खरल करें फिर कुर्स (टि-कियां) बनाकर ब तर्कीब बाला (उपरोक्त विधि से) तेल लें और इस्तेमाल करें।

(४) बर्ग अनमोल बूटी ज़र्द छः अदद हरताल तबक़ी व मनसल नौ२ माशे, दोनों को बारीक करके और हर बर्ग मज़कूर (उपरोक्त) पर सर्सों का तेल चुपड़ कर उन पर सफ़ूफ़ मज़कूर छिड़कें और तह ब तह लगाकर दो छटाँक सर्सों के तेल में जलालें और सीमाब (पारा) यक तोले ख़ूब आमेज़ करके मुक़ामात ख़ारिश पर लगायें।

(५) अनमोल बूटीके पत्ते मय डण्ठलों के पानी में पीस कर हम वज़न आतिशबाज़ी की बारूद मिलायें और जाय (जगह)ख़ारिश पर लेप करदें और थोड़ी देर तक धूप में बैठें बाद तीन घंटे के नीम गर्म (आधा गर्म) पानीसे गुस्ल(स्नान) करें तीन चार योम में सिहत कुल्ली (पूरे तौर से) होगी।

(६) अनमोल बूटी की कोंपल पाव सेर, बावची पाव सेर, पारा एक तोला, अव्वल बावचीको ख़ूब कोफ़ता करके (कूट के) उसमें कोंपल मज़कूर डालें, जब कोफ़ता हो जांय तो पारे को दुहरे तीहरे पारचे में (कपड़े में) कई बार छानकर और मक्खन ताज़े को सौ बार पानीमें धोकर उसमें मिलायें तीन चार बार के मलने से यक़ीनन सिहत कुल्ली (पूरा आराम) होगी गुस्ल (स्नान)न करें।

(७) अनमोल बूटी के दूध को जमाकर सुखालें फिर जलाकर सर्सों का तेल मिला कर जिस्म पर मलें और चार पांच घड़ी बाद गुस्ल करें

(८) अव्वल अनमोल बूटीका दूध एक तोला लें और सर्सों का तेल एक छटांक को किसी आहनी ज़र्फ़ (लोहेका बर्तन) में आग पर ख़ूब गर्म करलें, फिर नीचे उतार कर आहिस्ता से दूध मज़कूर (उपरोक्त)

उसमें डालें, जब दूध भुन कर स्याह हो जाय उसे निकाल दें और रोग़न को शीशी में भर रक्खें, दिन में दो बार जिस्म पर मलें और बाद दो तीन घंटे के गुस्ल करलें, तीन रोज़में बिलकुल सिहत हो जायगी।

परहेज- जमाअ (स्त्री प्रसंग) अशयाय नमकीन, अशयाय गर्म, बेंगन, मिर्च सुर्ख़ व तेल वग़ैरा।

४.कूबा (दाद)

अलामात.यह मरज़ माद्दा सौदावी या फ़िसाद ख़ून से ज़ाहिर जिल्द पर अक्सर ज़ेर नाफ़ हस्स में (नाभिके नीचे के अंगों में) फैलता है, शदीद-उल-ख़ारिश है, जब तक गोश्त के अन्दर असर न करे इस का इलाज आसान है, बाद में बिला जोंक या पछनों के किसी क़दर दिक़्क़त से जाता है।

अस्बाब. माद्दा सौदावी या फ़िसाद ख़ून, नम धोती या दीगर पारचा पहनना आज़ाय जिस्म (शरीर के अंगोपांग) को साफ़ व सुथरा न रखना।

इलाज. (१) अनमोल बूटी के फूल और पंवार के बीज मुसावी कूट छान कर तुर्श दही मिळा कर मलें, जल्द सिहत कुल्ली होगी।

(२) ख़ारिश के नुस्खे नं० २ व ३ को इस्तेमाल करें।

परहेज.जिस्म को तर रखना, ज़्यादा गुस्ल करना, नम धोती बांधना।

५.सअफा (गंज)

अलामात-यह मरज़ अकसर सर व चहरेपर ज़ुहूर करता हैं और गोश्तके गिहरावमें नहीं पहुंचता, इस की फुंसियां खुश्क होकर सुर्ख़ी की तरफ़ मैलान रखती हैं अगर इन फुंसियों से ज़र्द ज़र्द पानी (पीब) ख़ारिज होतो उसे " साफ़ाय रत्ब" कहते हैं इसी का नाम " शेरीना" और "शेर पंजा" भी है अगर खुश्क हों जिस से खुश्क सफ़ेद छिल के जुदा होते हों तो उसे " सअफ़ा याबिस" बोलते हैं। " सअफ़ाय रत्ब " अकसर बच्चों के सिर में आरिज़ होता है।

अस्बाब.फुज़लात अफ्न (दुर्गन्धित) व रतूबात फ़ासिद व कसरत बुख़ारात दिमाग़ी,ज़ौफ़ आसाब (पट्ठे) और ख़िल्त सौदावी ग़ैर तबई।

इलाज. (१) अनमोल बूटी के

दूध को खुश्क करके जलालें और सर्सों का तेल मिला कर लगाऐं।

(२) ख़ारिश के नुस्ख़े नं० १ व ८ के रोग़न को लगाऐं।

(३) अनमोल बूटी के २ तोले दूध में एक छटांक रोग़न सरशफ़ (सर्सों का तेल) मिलाकर औटाऐं जब दूध सब जल कर सिर्फ़ तेल रह जावे आगसे उतारकर ब-इहतियात रख छोड़ें और वक़्तन फ़वक़्तन (कभी कभी) लगाते रहें।

परहेज. जमाअ़ करना, नाख़ुन लगाना, अगर तिफ़्ल शीरख़्वार (दूध पीने वाला बच्चा) हो तो जिसका दूध पीता हो वह जमाअ़ से परहेज़ रक्खे।

६. 'दाय-उस-‡सालब' 'दाय-उल-हय्या'

(बाल झड़ जाना)

अलामात- सर और रीश (डाढ़ी) के सिर्फ़ बाल गिर जानेको "दाय-उस-सालब" और बाल व पोस्त (खाल) दोनों के गिर जाने को "दाय-उल-हय्या" कहते हैं दाय-उल-हय्या का इलाज किसी क़दर दिक़्क़त तलब है इसमें पोस्त जिल्द मिस्ल पोस्तमार (सांपकी कैंचली) जुदा होता है।

अस्बाब. ख़िल्त रद्दी, फ़िसाद जिल्द।

इलाज. (१) अगर सर से बाल गिर गए हों तो शीर अनमोल बूटी क़द्रे लेकर मुक़ाम माऊफ़ (रोगी स्थान) पर उंगली से सुबह व शाम मले तीन या सात दिन में बाल निकल आऐंगे।

(२) गंज सर के नुस्ख़े इस्तेमाल करें।

७. दुम्मल व बुसूर व क़ुर्हा व नासूर वग़ैरा

अलामात. बड़े फोड़ेको "दुम्मल" छोटी फुंसियों को "बुसूर" जिस ज़ख़्म से पीब बहे उसे क़ुर्हा और जिस ज़ख़्म को चालीस रोज़ से ज़्यादा गुज़र जाऐं उसे नासूर कहते हैं। जो दुम्मल (फोड़ा) कि बग़ल में या कान के पीछे के मुक़ाम पर रान की जड़ में होते हैं उन्हें 'औराम मग़ाबिन' कहते हैं बग़ल के दुम्मलको उर्फ़ आम में "कखवारी" बोलते हैं।

‡ सालब यानी लोमड़ी को चूंकि यह मरज़ अक्सर होता है इस लिये इस नाम से मौसूम करते हैं

अस्बाब. ख़िल्त रद्दी ॥

इलाज. (१) अनमोल बूटी की कोंपल सोख़्ता (जली हुई) की-मुक़्ल सोख़्ता, सुपारी सोख़्ता, तुख़्म हलेला सोख़्ता, (हड़ का बीज जला हुआ) मुर्दार संग, कत्था, हर एक हमवज़न (बराबर) लेकर घी गरम करके इस में मिला कर मर्हम बनाएँ ॥ यह मर्हम हर क़िस्म के ज़ख़्मों को निहायत मुफ़ीद है

(२) अनमोल बूटी के दूध में रुई मुकर्रर (दो तीन बार) तर कर के साये में सुखाएँ ॥ फिर बत्ती बना कर सर्सों के तेलसे काजल पार कर नासूर पर लगाएँ ; दर्द नासूर दूर होगा ॥

(३) अनमोल बूटी के हरे पत्ते को पीस कर फोड़े या फुन्सी पर गाढ़ा लेप करें ; वरम को तहलील (घुलाकर पटका देना) करता और फोड़े को तोड़ता है ॥

पर्हेज़. दूध व दही , ज़्यादा पानी, मठा, ग़िज़ा क़ाबिज़ (गृष्ट भोजन) व ज़्यादा सर्द, नया ग़ल्ला तिल , आड़ू , नमक, तल्ख़ व तुर्श अश्या (कडुवे व खट्टे पदार्थ), सिर्का व शराब , प्याज़ , गोश्त (मांस) ॥

८ – अपरस नाख़ुन व छाजन ‡

(१) अनमोल बूटी के दूध को हम वज़न (बराबर तोल) मीठे तेल में मिला कर लगाएँ ॥

९ – नज़्फ़-उद्-दम

इख़राज ख़ून (रुधिर निकलना) कि किसी उज़्व (अंग) से ज़रब वग़ैरा (चोट आदि) लगने से बहे और बन्द न हो ॥

इलाज. (१) अनमोल बूटी के फलों से रुई * ताज़ा निकाल कर ज़ख़्म पर रक्खें ; ख़ून फ़ौरन बन्द होगा ॥

---

‡ जो ख़ुशूनत ख़ुश्की से हथेली में पैदा होती है उसे छाजन कहते हैं ॥

* अनमोल बूटी की रुई का तकिया बना कर सिरके नीचे या पेट के तले रखना जुमला अमराज़ बलग़मी व रीही उन आज़ा को नाफ़े हैं (उन अंगोंके सर्व कफ़ व बात अन्य रोगों को नफ़ा देता है ॥

(९) † अमराज़ गज़ीदि-नी (काटना) व नैशज-नी (डंक मारना) जान-वरान ज़हरदार व ज़हर खुर्दनी

१ — सांप

(१) अनमोल बूटी की जड़ को क़द्रे (थोड़े) पानी में घिस कर मार-गज़ीदा (सांप से काटा हु-आ) को पिलाएँ ॥

(२) ज़ख़्म मार गज़ीदा पर अ-नमोल बूटी का दूध टपकाएँ जब तक ज़ज़्ब होता रहे ॥

(३) अनमोल बूटी की छाल चार तोला, मिर्च स्याह दो माशा, आध सेर सर्द पानीमें घोट छान कर पिलाएँ ; क़ै और दस्त की राह सब ज़हर निकल जायगा ॥

[४] अनमोल बूटी के दूध में आरने उपले की राख तर कर के साए में खुश्क करलें ; यह राख यक माशा, नौसादर यक माशा, मिर्च स्याह तीन अदद, सब को बारीक पीस कर सुंघाएँ; मार-गज़ीदा फ़ौ-रन होश मे आए ॥

[५] अनमोल बूटी की तीन कों-पल गुड़ में मिला कर खिलाएँ और ऊपर से घी पिलावें ॥

[६] अनमोल बूटी की चार मुंह बन्द कली व सात मिर्च स्याह व फरफेंदुवा एक माशे बाहम पीस कर दें ॥

२ — बिच्छू

[१] अनमोल बूटी का दूध मु-क़ाम नैश [डंक] पर लगा कर उ-सी का पत्ता रख कर ख़ूब सेकें ॥

[२] अनमोल बूटी के दूध में तु-ख़्म ढाक पीस कर लगाएँ ॥

[३] अनमोल बूटी के पत्ते का अर्क़ दोनों नथनों में टपकाएँ ॥

[४] अनमोल बूटी की जड़ का अर्क़ मुक़ाम नैश पर लगाएँ ॥

---

† सांप, बिच्छू वग़ैरा ज़हरीले जानवरों, और संखिया वग़ैरा जमा-दात (धातु) के ज़हरों की शनाख़्त (पहिचान) व अलामात [चिन्ह] व दीगर [दूसरे] इलाज व परहेज़ वग़ैरा के लिये किताब फ़ादि ज़हर हिस्सा अव्वल व दोम मुसन्निफ़े मुसन्निफ़ किताब हाज़ा मुला-हिज़ा हो ॥

८— दीवाना कुत्ता*

(१) अनमोल बूटी का दूध और अमलतास पीस कर फ़ौरन लेप करें और दूध ज़ख़्म पर टपकायें अबतक अच्छा हो [सोखे]।

(२) अनमोल बूटी के दूध में गुड़ व तेल मिला कर लेप करें तीन कोंपल गुड़ में लपेट कर खिलाऐं व घी पिलाऐं।

(३) अनमोल बूटी का दूध दो तोला, धतूरे का अर्क़ [हरे पत्तों का रस] दो तोला, घी दो तोला को खरल करके लेप करें।

(४) दरख़्त अनमोल बूटी के नीचे की मिट्टीमें उसका दूध मिला कर गोलियां बक़दर नख़ूद [चनेकी बराबर] बनाऐं और एक गोली तीन दिन खिलाऐं और शीर [दूध] में अर्क़ धतूरा व घी हमवज़न मिला कर ज़ख़्म पर लगाऐं।

*सग दीवानेके काटेकी अलामात पह-चान यह है कि सर्द पानी उसके जि-स्म पर डालनेसे जिस्म गरम हो जाता है अब कुछ अर्से बाद यह मर्ज़ औद करता है तो अन्देशाहाय बद ग़म व ग़ुस्सा व इख़्तलात अक़ल ख़ुश्की दहन प्यास रोशनीसे नफ़रत सुर्ख़ी अफ़ज़ा ख़सूसन चहरे की डरना भागना कभी मिस्ल कुत्तेके भोंकना सर्द पसी-ने का आना पेशाब सियाहव रक़ीक़ (पतला) हो जाना कभी हब्स बोल [बेताब रहना] व क़ब्ज़ कभी कभी पेशाब में कीड़े बशकल कुत्ते के निकलना आइने में अपनीशकल मिस्ल कुत्ते के नज़र आना और उससे डरना वग़ैरा अलामात ज़ाहिर होती हैं अगर ज़ख़्म से खून खुद ब खुद बहुत निकले पेशाब आये और पानी से डरने का खौफ़ न रहे तो इलाज पज़ीर है बहतर है कि मरीज़ को प्यादा या सवार इस क़दर दौड़ायें कि जिस्म से खूब पसीना बहे और ज़ख़्म को चालीस योम तक भरने न दे।

९— संखिया

आक की टेमनी यानी सब से ऊपर की फुनकी पर की सबसे खुर्द [छोटी] पत्ती एक छटांक घी में घोट कर पिलायें।

१० अमराज औजाअ मफ़ासिल

(जोड़ों का दर्द) व ज़हर व अक़रब व रिज्ल व सद्र

अलामात.शाना, कुहनी, घुट-ना टख़ना वग़ैरा जोड़ों के दर्द को वजअ मफ़ासिल [गठिया] पीठ व कमर के दर्द को वजअ-उज़-ज़हर

एड़ी के दर्द को वजअ-उल-अक़ब; तलवों के दर्द को वजअ-उल-रिज्ल और सीने के दर्द को वजअ-उस-सद्र कहते हैं औजाअ् मफ़ासिल में से टख़ना और हाथ पांवकी उंगलियां ख़ुसूसन [मुख्य कर] अगूंठों के दर्द को निक़रिस, कूल्हे के दर्द को वजअ-उल-वरिक और सुरीन[चूतड़ या कूल्हे] से शुरूअ होकर कभी ज़ानू तक और कभी टख़ने और पांव की उंगलयों तक पहुंचने वाले दर्द को इर्क़-उन-निसां [रांधन] कहते हैं॥ वजअ मफ़ासिल का मर्ज़ शदीद ज़ुकाम की अळामत से शुरू होता है और इब्तदाय मरज़ में पुश्त और हाथ पाँव में शिद्दत से दर्द होता है सर्दी मालूम होकर बदन जिकड़ जाता है और बाद दो चार रोज़ के बड़े २ जोड़ों में सोज़िश होकर वह सुर्ख़ हो जाते हैं तिशनगी (प्यास) ब-शिद्दत और भूख साक़ित (गिरी हुई), नब्ज़ ज़ोर पर सख़्त और ज्यादा तड़पदार हो जाती है ज़बान पर एक सुफ़ेद रंग की दबीज़ और मुला यम फ़रचिमटी रहती है पाख़ाना क़ब्ज से होता है पेशाब कम और सुर्ख़ रंग हो जाता है बाद चंद रोज़ के और जोड़ोंको यह मरज़ घेर कर एक से दूसरे में मुत्तसिल हो जाता है यह बीमारी बग़ैर मुतवातिर (लगातार) मुनज़िज (पकाने वाली औषधी) व मुसहिल (दस्त लाने वाली औषधी) व क़ै या फ़स्द के जड़ से नहीं जाती और जब एक बार हो जाती है तो अक्सर मौसिम सर्मा [जाड़ा] में हर साल ज़ुहूर पकड़ती है [उभर आती है] इस में अलावा जोड़ों के दर्द के, वरम व बेचैनी व ख़फ़ीफ़ [हलका] बुख़ार भी अक्सर हो जाते हैं।

अस्बाब. सर्दी ज्यादह खाना, बहुत भीगना, बवासीर का ख़ून बन्द हो जाना कसरत जमाअ (अधिक स्त्री प्रसंग), पसीने में हवा या सर्दी लग जाना मुसहिल में सर्द हवा लगना बरसात या जाड़ों में लहस्सी वग़ैरा बहुत सर्द चीज़ेंखाना पीना शराब व दूध एक वक्तमेंपीना सख़्त ज़रबे (शरीरसे पाषणादि के टकरानेकी चोट) या सक़ते(पाषणादि से शरीर के टकराने की चोट) से हड्डियों में ज़रर (हानि) पहुंचना जोड़ों व गांठोंके ज़ोफ़ [निर्बलता] से हर तरफ़ से फ़वाद गिर कर उन में जमा हो जाना, यक दम तर्क रियाज़त [व्यायाम छोड़ना] करना ब-शाइस ज़ोफ़ हज़्म मेदा [पाचक शक्तिकी निर्बलताके कारण]ख़िल्त ख़ाम [अपक्व वात पित्तादि] पैदा होकर बन्द गाहों [जोड़ों]में जमा होना कसरत मै नोशी (अधिक शराब पीना) खाना खाकर मुजामअत [स्त्री प्रसंग] या रियाज़त [व्यायाम कसरत] या हम्माम [स्नान] करना, कसरत ज़ुकाम, हरकात सख़्त व ग़ज़ब शदीद [ती-

व क्रोध) व कसरत वहम व ग़म व बेख़्वाबी जिन से कि मवाद् पिघल कर जोड़ों पर गिरता है, वग़ैरा ॥

इलाज (१) अनमोल बूटीकी जड़ नीम कोफ़्ता (अधकुटी) को कड़वे तेलमें जलाएँ। जब जल कर तहम-शीन हो जाय रोग़न (तेल) को छान लें और मलें। यह रोग़न रियाह (दर्द पैदा करने वाली वायु) को भी तहलील करता है ॥

(२) अनमोल बूटी और मेंहदी, संभालू, नाज़बो (रेहान या बन – तुल्सी), धतूरा, अरंड, मकोय इन सब के हमवज़न सब्ज़ पत्तों का अर्क़ निकाल कर और अर्क़ के हम वज़न रोग़न कुंजद् (मीठा तेल तिलों का) मिलाकर जोश दें और इस्बंद् यक तोला, तुख़्म सोया यक तोला, अजवायन ६ माशे मिलाएँ, जब अर्क़ सब जल कर सिर्फ़ रोग़न रहजाय आग से उतार कर छान लें और अफ़यून २माशे इस में पहिले मिला कर फिर सूरंजान तल्ख़ यक तोला, बारीक पीस कर मिला लें और इस रोग़न की मालिश मुक़ाम दर्द पर करें, जल्द शिफ़ाय कुल्ली (पूर्ण निरोगता) होगी ॥ सर्दी या चोट वग़ैराके सब क़िस्मके दर्द के लिये ख़्वाह किसी उज़्व (अंग) में हो मुफ़ीद है ॥

(३) फ़ालिज व लक़वे के नुस्ख़ा नं० १ की गोलियों में से एक गोली रोज़ एक हफ़्ते तक खाएँ ॥

(४) ज़ानू के दर्द के लिये और नीज़ हर क़िस्म के औजाअ बारिदा (सर्दीके दर्द) के लिये अनमोलबूटी के ताज़ा पत्ते नीम गर्म करके बांधें॥

(५) अनमोल बूटी, अमर बेल, अरंड, अर्नी, धतूरा, और मेमड़ी, इन सब का एक एक छटांक अर्क़ और रोग़न कुंजद (तिल का तेल) एक छटांक सब को मिला कर आग पर जोश दें कि जल कर सिर्फ़ तेल रह जाय, इस तेल को मलें, वजअ-मफ़ासिल (गठिया) व वजअ-उज़-ज़हर वग़ैरा सबको मुफ़ीद है ॥

(६) और अनमोल बूटी, ताल-मखाना, गूदा घी-क्वार, रेवन्द् चीनी हरेक १ तोला, शकर साढ़े तीन तोला, सब को पीस कर आहनी (लोहे का) बर्तन में गरम कर के गाढ़ा लेप करें। ख़ुसूसन वरम और दर्द घुटने के लिये बहुत मुफ़ीद है। एक हफ़्ते में आराम हो जायगा ॥

परहेज़ – तुर्शी, सर्द ग़िज़ा, शराब, कसरत तुआम (बहुत खाना) ॥

(११) तप लर्ज़ा

अलामात–सफ़रावी:– अगर माद्दा सफ़रावी (पित्तका) तरूक़(रग

हाय बदन के) बाहर मुतअफ़्फ़न (गंदा=दूषित)हो तो तीसरे रोज़ लर्ज़े के साथ तपआतीहै और अगर माद्दा रगों के अन्दर मुतअफ़्फ़न (बूदार= गंदा=दुर्गन्धित) हो तो तप ख़फ़ीफ़ (हलका) हरदम रहती है और तीसरे रोज़ ग़लबा (ज़ोर) करती है तप सफ़रावी (पित्त का) में सफ़रे की ज़ियादती, मुंह की तल्ख़ी, नींद की कमी, प्यास की शिद्दत, और रंग की ज़र्दी, दस्त किसी क़दर पतला, माइल-ब-ज़र्दी वग़ैरा लाज़िमी अलामात हैं ॥

बलग़मी– अगर माद्दा रगों के बाहर मुतअफ़्फ़न हो तो हर रोज़ लर्ज़े के साथ ग़लबा करती है। और अगर रगों के अंदर उसका माद्दा मुतअफ़्फ़न हो तो बिला लर्ज़े के हर दम रहती है। तप बलग़मी में प्यास की शिद्दत, मुंह का फीका–पन, ज़ायक़ा मीठा या नमकीन, नींद का ग़लबा, क़ारूरे में सुफ़ैदी, खाने से नफ़रत वग़ैरा अलामात लाज़िमी हैं ॥

तप सौदावी– इसका माद्दा अक्सर रगों के बाहर ही मुतअफ़्फ़न होताहै। यह तप दो रोज़ दरम्यान में छोड़ कर चौथे रोज़ उमूमन सर्दी के साथ आती है जिसे तपे-रिबअ या बुख़ार चौथइया कहते हैं। यह तप अक्सर बरसों रहती है, ब-दुश्वारी रफ़अ होती है। इस में मुंह व हल्क़ में ख़ुश्की, नींद की कमी, छींक का न आना, जिल्द की ख़ुश्की, दर्द सर, क़ब्ज़, जम्हाई, ज़ायक़ा फीका, पाख़ाना माइल ब–स्याही, वग़ैरा अलामात लाज़िमी हैं ॥

अस्बाब– बद परहेज़ी खाने पीने व सोने वग़ैरा में, ज़ौफ़ मेदा, ज़्यादा महनत, बद हज़मी, वग़ैरा ॥

इलाज– (१) अनमोल बूटीकी जड़ की छाल दो तोला व मिर्च स्याह एक तोला को बकरी के दूध ख़ालिस में पीस कर चने की बराबर गोलियां बना रक्खें और आमद तपसे क़रीबन एक घंटे क़ब्ल (पहिले) एक गोली खिलाएँ। दो तीन रोज़ खिलानेसे तप लर्ज़ा बिल्कुल छूट जायगा, ॥

(२) अनमोल बूटी के ज़र्द पत्तों को कोयलों की आग में राख कर लें और ४ रत्ती राख गुड़ सह - साला (तिवर्षा) में मिला कर ब वक्त सुबह या आमद तप से एक डेढ़ घंटे क़ब्ल खिलाएँ दो तीन यौम (दिन) में बलग़मी तप लर्ज़ा बिल्कुल छूट जायगा।

(३) ज़ीक़-उन-नफ़्स का नुस्ख़ा नम्बर १६ तप कुहना (जीर्ण ज्वर)

के लिये भी मुफ़ीद है ॥

[४] फ़ालिज व लक़वे के नुस्खे नम्बर एक को गोलियों में से चार गोली आमद तप बलग़मी से क़ब्ल [पहिले] खाएँ ॥

[५] अनमोल बूटी की एक मुंह बन्द कली को गुड़ में लपेट कर गोली बना कर आमद तप से क़ब्ल निगल जाएँ; इसी तरह तीन रोज़ खाने से बलग़मी तप लर्ज़ा बिलकुल दफ़अ [दूर] हो जायगा ॥

[६] अनमोल बूटी की छाल खुश्क या तर चार माशे को बारीक पीस कर और तोले भर गुड़ में मिला कर १२ गोलियां बना लें; इन में एक एक गोली करके तीन चार बार के खाने से बुख़ारके साथ अगर खांसी या सीने पर दर्द हो वह भी काफ़ूर हो जायगा ॥

परहेज़– नए बुख़ार में मुसहिल लेना या दूध पीना, जमाअ [स्त्री प्रसंग] करना, ज़ियादा महनत करना, लिखना पढ़ना, सक़ील ग़िज़ा [गृह भोजन] व तुर्शी खाना, दातौन करना, ज़ियादा पानी पीना, घी खाना, पुर्वाई हवा लगना ॥

अन्य उपयोगी उर्दू पुस्तकें

१– अनमोलबूटी– यही किताब उर्दू में; मूल्य ≡)॥

२– ज़मीमा अनमोल बूटी- इस में सोना, चांदी, तांबा, लोहा आदि धातु उपधातु को अनमोल बूटी (आक) में फूंक कर भस्म बनाना, और उनके गुण और अनुपानादि अर्थात् सेवन विधि आदि का पूरा २ सविस्तर वर्णन है मूल्य -)।

३,४– फ़ादे ज़हर- यह पुस्तक तीन भागों में है, पहिले भाग में सांप, बिच्छू, बोवला कुत्ता आदि सर्व ज़हरीले जानवरों के काटे की, दूसरे भाग में अफ़यून, कुचला, भिलावा धतूरा आदि बनास्पति के ज़हरों की; और तीसरे भाग में संखिया, हरताल, आदि धातुओं के ज़हरों की बड़ी सुगम चिकित्सा है और बहुत सी अन्य उपयोगी बातें हैं, मूल्य प्रथम भाग ≡)॥ द्वितीय तृतीय भाग =)॥

५,६,७– हफ़्त जवाहर- इसमें वैद्यक, धर्म शास्त्र, शिल्प आदि सम्रत सम्बन्धी सैकड़ों परमार्थिक और साँसारिक उपयोगी बातें तीन भागों में वर्णित हैं, मूल्य हर भाग का ।-)

८– राम चरित्र – सारी रामायण अति प्राचीन और प्रसिद्ध पदम पुराण नामक ग्रन्थ के आधार पर उपन्यास के ढंग में बड़ी रोचक भाषा में, मुल्य ॥)

९,१०,११– हनूमान चरित्र नौखिल –उपरोक्त रामायण के आधार पर बड़ी ही रोचक और हृदय ग्राही भाषा में हनुमान जी की जन्म कुण्डली और उनकी पूर्ण बंशावली आदि सहित ३५४ बड़े पृष्ठ के तीन भागों में मूल्य प्रथम भाग १) द्वितीय भाग ।॥) तृतीय भाग ॥=) तीनों भाग २)

१२,१३,१४– मिथ्यात्व नाशक नाटक – इसमें जैन, बौद्ध, आर्य, मुहम्मदी, ईसाई, वेदान्ती, मीमानसिक, नैयायक आदि मत मतान्तरों का सारांश एक अदालती मुक़द्दमे के ढंग पर अति रोचक बाणी में तीन भागोंमें है, मूल्य प्रथम भाग ।) दूसरा भाग ।=) तीसरा भाग ॥=) तीनों भाग १)

१५– भोज प्रबन्ध नाटक प्रथम भाग – धार्मिक और नैतिक आदि रत्नों का भंडार, मूल्य =)॥